हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 21 मई 2025

11 केसीसी बनाने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों ...

12 अमानक बीज-खाद बेचने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई ...




## खबर संक्षेप

### प्री. बीएड व प्री. डीएलएड की प्रवेश परीक्षा 22 को

**धमतरी।** व्यापम व्दारा 22 मई को धमतरी जिले में प्री. बीएड की प्रवेश परीक्षा प्रथम पॉली प्रातः 10 से 12:15 बजे तक 23 केन्द्रों में होंगे। कुल 5852 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार प्री. डीएल एड की प्रवेश परीक्षा व्दितीय पॉली में दोपहर 2 से शाम 4:15 बजे तक 42 केन्द्रों में होगी। कुल 9674 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 9:30 बजे एवं दोपहर 1:30 बजे से प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षा के लिए डॉ. विनोद कुमार पाठक समन्वयक एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा) पवन कुमार प्रेमी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षा संचालन के लिए समन्वयक केन्द्र पीजी महाविद्यालय धमतरी एवं जिला नोडल अधिकारी व्दारा पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन व्दारा उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है।

### कंडेल में संग्रहालय निर्माण की मांग

- कण्डेलवासियों ने प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा को सौंपा ज्ञापन

**धमतरी।** ग्राम कण्डेल में संग्रहालय निर्माण की मांग ग्रामवासियों ने प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा से की है। ग्रामवासी यतिराम साहू, एमआर कमलवंशी, कोमल प्रजापति, कामताप्रसाद मढ़ेंद्र, यतीशभूषण श्रीवास्तव, गिरधर सार्वा सरपंच, पुष्पा नेताम पूर्व सरपंच ने बताया कि कंडेल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं नहर सत्याग्रही बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव का गांव है। अंग्रेजी शासनकाल में 21 दिसंबर 1920 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का आगमन बाबूजी के सहयोग से हुआ था। इस धरोहर को चिरस्मरणीय रखने संग्रहालय निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की।

### अतिशेष बताकर युक्तियुक्तकरण कमाई का जरिया : ममता

**धमतरी।** छग सयुंक्त शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष केदार जैन एवं महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष



श्रीमती ममता खालसा ने बताया कि अतिशेष बताकर युक्तियुक्तकरण के तहत 2008 के सेटअप के साथ छेड़छाड़ कर शिक्षकों को निकाला जा रहा है। प्राथमिक शाला में सिर्फ 1 प्रधानपाठक और 1 शिक्षक बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। 2 शिक्षक 5 कक्षा को कैसे पढ़ाएंगे। अधिकारियों की गलती की सजा बच्चे व शिक्षक भुगतेंगे। शासन का एकतरफा निर्णय लेना समझ से परे है। इस विषय को लेकर 23 शैक्षणिक संगठनों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। युक्तियुक्तकरण पर रोक व 4 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 मई को मंत्रालय घेराव की चेतावनी दी है। ममता खालसा ने बतया कि सेटअप विद्यालय का आधार होता है। 2008 के सेटअप को लागू किया जाए।

### वट सावित्री व्रत 26 मई को

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद ने बताया कि इस वर्ष वट सावित्री का व्रत 26 मई को दोपहर 12 बजकर 11 मिनट में प्रारंभ होगा। 27 मई मंगलवार को अमावस्या तिथि सुबह 8 बजकर 31 मिनट पर समाप्त हो जाएगी, इसलिए 26 मई को वट सावित्री का व्रत किया जाएगा। परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि वट सावित्री का पूजन मध्यान्ह में किया जाता है। मध्यान्ह में अमावस्या तिथि प्राप्त हो रही है, इसलिए इस दिन व्रत पूजन करना उचित है। यह तिथि देव पंचांग के अनुसार है इसलिए वट सावित्री व्रत को लेकर माताएं भ्रमित न हो।

छोटा सा विवाद बना मौत का कारण, जेल जाने से बचने के लिए लगाया था लाश को ठिकाने

# सुलझी सात साल पुराने नरकंकाल की गुत्थी, सौतेला पिता निकला हत्यारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम भोयना में करीब 7 साल पुराने नरकंकाल मिलने की गुत्थी को सुलझाते हुए मृतक के सौतेले पिता को गिरफ्तार कर लिया है। छोटे से घरेलू झगड़े के चलते पिता ने अपने सौतेले बेटे को मार डाला था। जेल जाने के डर से उसने सीमेंट पोल में उसकी लाश को बांधकर सेप्टिक टैंक में डाल दिया था।




पुलिस के लिए इस मामले को सुलझाना काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन पुलिस ने इस मामले को तीन दिन के भीतर सुलझा लिया। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर इस मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मृतक के सौतेले पिता राममिलन गोड़ उम्र 62 साल पिता रामआसरे गोड़ से कड़ाई से पूछताछ की तो वह टूट गया और हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने बताया कि करीब 7 साल पहले क्वांर नवरात्रि में राममिलन अपने घर पर अकेला था। उसकी पत्नी माया ध्रुव, बेटी पायल ध्रुव एवं गायत्री ध्रुव तीनों पड़ोसी के घर में थे। रात्रि करीब 11 बजे राममिलन का सौतेला बेटा नंदू सोनी घर आया। दोनों के बीच खाना की बात को लेकर खूब झगड़ा हुआ। गुस्से से तमतमाए आरोपी राममिलन ने अपने सौतेले बेटे नंदू सोनी उम्र 23 वर्ष का गला पकड़कर उसके सिर को पत्थरों की दीवार में पटक दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। नंदू की मौत के बाद वह घबरा गया। जेल जाने से बचने के लिए रात में उसने लाश को ठिकाने लगाने की प्लानिंग की। इसी प्लानिंग के तहत दूसरे दिन सुबह करीब 4 बजे पूरी तैयारी के साथ वह नंदू की लाश को उठाकर पास के खड्डा गोदाम के पास बने सेप्टिक टैंक के पास ले गया। नायलोन रस्सी एवं साइकिल ट्यूब से नंदू के शव को सीमेन्ट के पोल में बांधकर सेप्टिक टैंक में डाल दिया। आरोपी द्वारा पेश करने पर 1 नग पत्थर जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध के पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर आरोपी राममिलन गोड़ को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### ऐसे खुला मौत का राज

तीन दिन पहले 17 मई को सुबह करीब 9 बजे शांति कालोनी निवासी आशीष बरड़िया पिता धनपत लाल बरड़िया के भोयना स्थित गोदाम के सूखे सेप्टिक टैंक में अज्ञात व्यक्ति की करीब 7 साल पुरानी खोपड़ी मिली। इसकी सूचना ग्राम के कोटवार तोरण नागरची ने पुलिस को दी। कोटवार की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच शुरू की तो पता लगा कि यह नरकंकाल नंदू सोनी का है। पूछताछ में पता चला कि नंदू सोनी अंतिम बार अपने सौतेले पिता के साथ देखा गया था। संदेह की सुई पिता की घूम गई और पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की।

### ये सूत्र भी बने आधार

मानव कंकाल का पंचनामा कार्यपालिक दण्डाधिकारी धमतरी द्वारा किया गया। पंचनामा के दौरान घटना स्थल से 1 नग नीला सफेद रंग का डाट पेन, 1 नग सीरिज (इंजेक्शन), 1 नग प्लास्टिक का बटन, 1 नग अंडरवियर के कमर भाग का रबर जिसमें डी-लक्स लिखा हुआ था। 1 नग सीमेंट पोल जिसमें 3 जगह हरे रंग की नायलोन रस्सी तथा 1 जगह साइकिल ट्यूब बंधा हुआ था। घटना स्थल से करीब 200 ग्राम मिट्टी जब्त की गई है। इस कार्रवाई में निरीक्षक चन्द्रकांत साहू, सहायक उपनिरीक्षक उत्तम निषाद, प्रआर भुनेश्वर साहू, विजय पति, आरक्षक राजेश साहू, प्रीतम ध्रुव, मुकेश सिन्हा का योगदान रहा।

# शराबी पिता ने अपने ही मासूम बेटे की हत्या की

**दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी की घटना पूरा परिवार सदमे में, आरोपी गिरफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी ब्लाक के दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी से रिश्तों को कलंकित करने वाली घटना सामने आई है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। एक शराबी पिता ने अपने ही 3 साल के मासूम बेटे को मौत के घाट उतार दिया है। दिल दहला देने वाली इस घटना से पूरा परिवार सदमे में हैं। वहीं पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना से गांव के लोगों को झकझोर कर रख दिया है।

घटना 18 मई रात्रि की है। इसकी जानकारी 19 मई की सुबह हुई। पिता संजय मरकाम ने अपने 3 वर्ष के मासूम बेटे शौर्य की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे गंभीर अवस्था में नरहरपुर के सरकारी अस्पताल भर्ती कराया था। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पिता संजय मरकाम आदतन शराबी है। शराब के नशे में धुत होकर अक्सर घर में लड़ाई झगड़ा करता था।



घटना के दिन भी शराब के नशे में था और घर वालों से शराब पीने के लिए पैसा मांग रहा था। रुपया नहीं मिलने पर घर वालों के साथ झगड़ा करने लगा। इस दरम्यान घरवाले लड़ाई नहीं करने की समझाइश देते रहे, तभी आरोपी ने अचानक तैश में आकर अपने ही मासूम बेटे पर धारदार टंगिया से वार कर दिया। बेटे को लहूलुहान करने के बाद मौके से फरार हो गया। परिजन घायल बच्चे को गंभीर अवस्था में नरहरपुर अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस आरोपी पिता को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# शराब घोटाला : जांच करने धमतरी पहुंची ईओडब्लू-एसीबी की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- दो गाड़ी में टीम के 6 सदस्य पहुंचे, देर रात तक कार्रवाई जारी रही

शराब घोटाले की जांच करते हुए ईओडब्लू की टीम ने धमतरी के एक इंटरप्राइजेस में दबिश दी। सुबह सात बजे से टीम इंटरप्राइजेस में फाइलों को खंगाल रही थी। यह कार्रवाई देर रात तक चली। इससे पहले भी दुर्ग में इसी प्रकार की कार्रवाई हुई थी।

पूरे प्रदेश में शराब घोटाले की गूंज है। इसी मामले की जांच के लिए ईओडब्लू और एसीबी की टीम पूरे प्रदेश में छापामार कार्रवाई कर रही है। दुर्ग जिले में छापामारी के बाद टीम मंगलवार को धमतरी पहुंची और यहां शराब कारोबारी के रिश्तेदार के घर जांच की। जानकारी के अनुसार दो गाड़ी में टीम के 6 सदस्य सुबह 7 बजे ही धमतरी पहुंचे गए थे। टीम ने हाईवे से लगे एक इंटरप्राइजेश में छापा मारकर जांच शुरू की। कार्रवाई के दौरा इंटरप्राइजेस का शटर बंद कर दिया गया। किसी को भी अंदर से बाहर या बाहर से अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। देर रात तक यह कार्रवाई चलती रही।



# प्री-मानसून की आहट, तूफान के साथ होगी बारिश

- समय से सप्ताह भर पहले केरल पहुंचेगा मानसून
- 50 से 60 किमी की रफ्तार से तूफान आने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी


इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून का आगमन अपने निर्धारित समय से एक सप्ताह पहले हो सकता है। केरल में 1 जून को पहुंचने वाला मानसून 24-25 मई को दस्तक देगा। इसी के साथ पूरे प्रदेश में प्री-मानसून गतिविधियां तेज हो गई हैं। बुधवार को प्रदेश में तीव्र तूफान के साथ मध्यम बारिश की हलचल तेज हो जाएगी। अगले तीन दिनों में छत्तीसगढ़ में 2 से 4 डिग्री तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 4 से 5 दिनों में केरल में मानसून के आगमन के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं। इसी अवधि के दौरान दक्षिण अरब सागर के कुछ हिस्सों, मालद्वीप और कोमोरिन क्षेत्र के शेष भागों तथा लक्षद्वीप, केरल, तमिलनाडु के कुछ हिस्सों तथा दक्षिण मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भागों, बंगाल की खाड़ी के उत्तर पूर्ण और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में मानसून आने के लिए परिस्थितियां अनुकूल होने की संभावना हैं।

एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका मध्य पाकिस्तान पर चक्रवाती परिसंचरण से उत्तरी राजस्थान, दक्षिण हरियाणा, दक्षिण उत्तरप्रदेश, बिहार, उप हिमालयी पश्चिम बंगाल होते हुए उत्तरी बंगला देश तक औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर बनी हुई है। ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण आंधप्रदेश और उत्तरी तमिलनाडु से सटे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी पर स्थित है।

### तीन दिनों तक आंधी, तूफान, बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग ने चेतावनी जारी कर कहा है कि बुधवार से आगामी तीन दिनों तक प्रदेश के कुछ स्थानों पर 50 से 60 किमी की रफ्तार से आंधी, तूफान चलने तथा मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। आकाश में आंशिक मेघमय रहने तथा अधिकतम न्यूनतम तापमान 40 से 27 डिग्री के आसपास बने रहने की संभावना है।



# भखारा पुलिस की कोपेडीह-रामपुर में दबिश





- कच्ची महुआ शराब बनाने की भट्ठी सहित 80-90 क्विंटल महुआ लाहन को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

थाना भखारा की अलग-अलग टीम ने ग्राम कोपेडीह एवं रामपुर में रेड कार्रवाई कर अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बनाने के ठिकानों को नष्ट किया।

ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक महोदय सूरज सिंह परिहार ने थाना भखारा के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ग्राम कोपेडीह एवं ग्राम रामपुर में अवैध कच्ची महुआ शराब बनाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

इसके परिपालन में थाना प्रभारी भखारा उनि उमाकांत तिवारी ने पुलिस की अलग-अलग टीम बनाकर शराब बनाने के ठिकानों में भेजा। टीम ने खेत, तालाब, खलिहान, नहर नाली के पास बनाने की भट्ठी एवं शराब बनाने के उपकरण सहित गांव के आसपास के खेतों में छिपाकर रखे महुआ लाहन करीबन 80-90 क्विंटल को मौके पर नष्ट किया। पुलिस की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# तीसरे दिन डूबान संघर्ष समिति युवा बेरोजगार संघ ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

डुबान संघर्ष समिति युवा बेरोजगार संघ बांध और नहरों में स्थायी नौकरी के लिए स्थानीय गांधी चौक मैदान में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के तीसरे दिन संघ के सदस्यों ने शासन-प्रशासन को जगाने शहर में रैली निकाली। शहर के मुख्य मार्गों में पैदल मार्च कर अपनी आवाज बुलंद की। संघ के कुंवर सिंह ध्रुव, ललित पटेल, सरस्वती साहू, विनीता ध्रुव, शिवराम सेन, निखिलेश देवान, गीता साहू, नीतू सिंह निषाद, गीता साहू, रूक्मणि ध्रुव, रोशन ध्रुव, सूर्यकांत साहू, सत्यनारायण ने बताया कि रैली सुबह 11 बजे गांधी मैदान से शुरू हुई जो कचहरी चौक, चमेली चौक, मठ मंदिर चौक, गोलबाजार, घड़ी चौक, बस्तर रोड, रत्नाबांधा चौक, देवश्री टाकीज चौक, शिव चौक, रमसगरी गार्डन होते हुए पुनः गांधी मैदान पहुंची, जहां सभा को पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए डूबान प्रभावित परिवारों को शासकीय नौकरी देने की मांग की।



अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# युक्तियुक्तकरण आदेश में विसंगति की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त मोर्चा ने शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण में विसंगति और दोषपूर्ण आदेश में संशोधन करने की मांग की है। मंगलवार को मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा विभाग, सचिव, संचालक लोक शिक्षण के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि शालाओं एवं शिक्षकों के लिए युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी हुआ है, जिसमें अनेक विसंगति है।



प्रधानपाठक को शिक्षकीय पद माना गया है। वर्तमान में प्रधानपाठक विभागीय बैठक, आनलाइन कार्य, सर्वे, मध्यान्ह भोजन, जाति प्रमाण-पत्र, आयुष्मान कार्ड, अपार कार्ड, विद्यार्थी संबंधी कार्यों का संपादन करते हैं। इससे प्रधानपाठक को पढ़ाने का समय नहीं मिलता। प्राथमिक शाला में दर्ज संख्या 60 पर प्रधानपाठक सहित 2 शिक्षक तथा 61 से 90 तक दर्ज संख्या में प्रधानपाठक सहित 3 शिक्षक होंगे। 2 शिक्षकों द्वारा 5 कक्षा और 18 कालखंड की पढ़ाई कराना संभव नहीं है। प्रधानपाठक को शैक्षणिक पद से अलग करते हुए पूर्व सेटअप अनुसार 60 तक दर्ज संख्या में प्रधानपाठक सहित 3 शिक्षकों तथा 61 से 90 तक दर्ज संख्या में प्रधानपाठक सहित 4 शिक्षकों की पदस्थापना की जाए।

माध्यमिक शाला में 105 की दर्ज संख्या तक प्रधानपाठक सहित 3 शिक्षक रखने का आदेश है। 3 शिक्षकों द्वारा 6 विषय और 18 कालखंड की पढ़ाई कराना संभव नहीं है। पूर्व सेटअप के तहत प्रधानपाठक सहित 5 शिक्षक की पदस्थापना की जाए। आगे कहा कि युक्तियुक्तकरण आदेश से प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में शिक्षकों की कमी हो जाएगी। शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट आएगी। भविष्य में स्कूल बंद होने तथा प्राइवेट स्कूलों का लाभ मिलेगा। मोर्चा ने शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से मोर्चा के अध्यक्ष गेवाराम नेताम, जीवराखन मरई, शिव नेताम, पालनहार मेश्राम, रिखीराम साहू, दौलतराम ध्रुव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### एमए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को दी विदाई

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एमए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को एमए व्दितीय सेमेस्टर के छात्रों व्दारा विदाई दी गई। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.विनोद पाठक के आतिथ्य में हुआ। एमए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने महाविद्यालय एवं इतिहास विभाग में बिताए दो वर्षों के अनुभव को साझा किया। इतिहास परिषद् व्दारा सत्र 2024-25 में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को प्राचार्य व विभागाध्यक्ष व्दारा पुरस्कृत किया गया।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप




### एनएमएमएसई में यश और मधु का चयन

**जीजामगांव।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षारता विभाग द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा फरवरी में आयोजित की गई थी। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने उत्तीर्ण एवं छात्रवृत्ति के लिए चयनित बच्चों की सूची जारी की। इसमें संकुल केन्द्र सेमरा बी अन्तर्गत यश कुमार पिता मनीष कुमार देवांगन शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी एवं मधु पिता तरुण कुमार निषाद शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी का चयन हुआ है। बच्चों के चयन पर श्रीमती दुर्गा सिन्हा सरपंच, सोनू पटेल अध्यक्ष, हलिमा बेगम अध्यक्ष, बाबूलाल निर्मलकर शिक्षाविद, पंच कुमार ध्रुव समन्वयक, मोतिम साहू, राजेन्द्र कुमार टंडन, घनश्याम प्रसाद वर्मा, मंजु सिन्हा, महेंद्र कुमार साहू, डगेश्वर प्रसाद साहू, अर्चना सोन एवं पुरुषोत्तम सेन ने हर्ष जताया है।

### लोहण्डीगुड़ा, दरभा में हुआ समाधान शिविर

**जगदलपुर।** विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा के तहत ग्राम पंचायत छिंदबहार में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्राम - दाबपाल, कोठियागुडा, छोटे परोदा, बड़े परोदा, चालकीगुडा, गढ़िया, बाधनपाल, तुर्रेमारका, छिन्दबहार, करकापाल, एरण्डवाल, नेगानार, इरिकपाल, मांदर, तारागांव शामिल है। इस शिविर में 5162 आवेदन प्राप्त हुए। थे जिसमें 5157 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 5 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। विकासखण्ड-दरभा के डिलमिली में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्राम चितापुर, छोटे चितापुर, डिलमिली, छेपरागुड़ा डिलमिली, कांदाकाटा, अलवा, ढोढरेपाल, छोटे गुडरा, बडेकडमा, छोटेकडमा को शामिल किया गया है।

समस्याओं का निराकरण करने की बजाय अधिकारी-कर्मचारी टाल-मटोल करते रहे

# समाधान शिविर में कई ग्रामीणों की शिकायतों का निराकरण नहीं, आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम सांकरा में 18 पंचायत द्वारा सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर लगाया गया। ग्रामीणों ने अपनी शिकायत और मांग अधिकारियों के पास रखी। कई ग्रामीणों की शिकायतों का निराकरण नहीं हो पाया। अधिकारी-कर्मचारी टाल-मटोल करते रहे। इससे ग्रामीण निराश दिखे। शिविर में ड्राइविंग लाइसेंस बनाया गया। श्रम विभाग द्वारा पात्रों को नौनिहाल छात्रवृत्ति का प्रमाण-पत्र दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गोद भराई की रस्म निभाई गई। ग्रामीणों ने कई विभागों में कार्य में अनियमितता बरतने की शिकायत की लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उनकी शिकायतों पर टाल मटोल करते नजर आए। अधिकारियों ने आगे जांच की बात कही। ग्रामीणों ने कई प्राइवेट स्कूल द्वारा अनियमित ढंग से स्कूल संचालित करने की शिकायत की। इसके लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मौका जांच कर निराकरण करने की बात कही। सरकारी अस्पताल सांकरा में कर्मचारी द्वारा शराब पीकर बैठकर अभद्र व्यवहार करने की शिकायत की गई। बीएमओ नगरी ने जांच कर कारवाई की बात कही। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि ऐसा शिविर अभी तक नहीं देखा था। मांगों व शिकायतों के निराकरण के लिए शिविर लगाया गया लेकिन उनकी मांगों व शिकायतों का निराकरण नहीं हो पाया तो फिर कैसा सुशासन निराकरण समाधान शिविर। प्रवीण साहू, साधु साहू, मोनू साहू, भारत पटेल, यश साहू, डेविड साहू, सुखदेव साहू, रेखराज, गिरवर भंडारी, जन्मेजय साहू ने बताया कि शिविर में आवेदनों का निराकरण होगा तभी शिविर लगाने का औचित्य है।




### दिव्यांग बच्चों व दो ग्रामीणों को सामग्री का वितरण



शिविर में शिक्षा विभाग द्वारा शालाओं में अध्ययन करने वाले दिव्यांग बच्चों व ग्रामीण कुंवरसिंग सतनाम, दुलेसिया बाई सतनाम को आवश्यकतानुसार सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सर्वा, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, राजेश गोसाई, सरपंच नागेन्द्र बोरझा, पूर्व सरपंच शशि ध्रुव, उपसरंपच राजू साहू, लवकुमार, सरपंच कन्हैया नाग, सरपंच नरेश मांझी, सरपंच जीवन नाग, श्रीधन सोम सरंपच, अमन, सियाराम समेत सांकरा क्लस्टर के 18 ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव समेत विभागीय अधिकारी- कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# भारतीय वन सेवा में अतुल ने रचा इतिहास

## देशभर में हासिल की 27वीं रैंक, नगर व जैन समाज में हर्ष की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी खिवराज गोलछा के सुपौत्र व स्व. जसराज गोलछा के पुत्र अतुल गोलछा ने भारतीय वन सेवा (आईएफएस) परीक्षा 2025 में देशभर में 27वीं रैंक प्राप्त कर नगर हीं नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ और जैन समाज का नाम रोशन किया है। बचपन से ही मेधावी रहे अतुल गोलछा ने आईआईटी चेन्नई से ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में एमटेक की उपाधि प्राप्त की थी।

उनकी इस सफलता पर विधायक अंबिका मरकाम, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक पिंकी शाह, श्रवण मरकाम, जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, मोहन नाहटा, नागेंद्र शुक्ला, राजेंद्र गोलछा, कमल डागा, विकल गुप्ता, रवि दुबे, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, सचिन भंसाली, समाज अध्यक्ष उत्तम गोलछा, मदन गोलछा, कान्ति नाहटा, विनय नाहटा, दुर्गा गोलछा, अजय नाहटा, कुशाल जैन, भंवरलाल बोहरा, खेमचंद चोपड़ा, ज्ञानचंद गोलछा, शिखर छाजेड़, सुरेश संचेती, योगेश नाहटा, अनिल छाजेड़, मनोज छाजेड़, भावेश चोपड़ा, अशोक संचेती, प्रिंस गोलछा, लोकेश नाहटा, प्रदीप भंसाली, प्रवीण भंसाली एवं गोपी कश्यप, श्रीमती विजिया कश्यप, जीवन नाहटा, राजशेखर नायर, अभिनव अवस्थी, अशोक संचेती, रिजवान खान, कुलदीप साहू, जितेंद्र, अंगेश हिरवानी, राजू पटेल ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सरपंच संघ के हरिशंकर अध्यक्ष व चेतन सचिव बने

- जनपद पंचायत कुरुद में हुआ सरपंच संघ का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



जनपद पंचायत कुरुद के सभी सरपंचों की सरपंच संघ चुनाव के संदर्भ में बैठक रखी गई। जिसमें सम्मिलित 72 सरपंचों ने सर्वसम्मति से सपने संघ के नेता व कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया।

हरिशंकर साहू सरपंच खुरसेंगा को अध्यक्ष व चेतन देवांगन सरपंच सुपेला को सचिव नियुक्त किया गया। संरक्षक टिकेश साहू सरपंच नवागांव, श्रीमती पूर्णिमा साहू सरपंच जोरातराई, डीलन चंद्राकर सरपंच दहदहा नियुक्त किए गए। उपाध्यक्ष श्रीमती पूजा साहू सरपंच दरबा, श्रीमती पुष्प लता साहू भटगांव, पूरण घृतलहरे अछोटी, निशांत सिंह सिर्री, सहसचिव श्रीमती नीतू तोड़ेकर सरपंच चरमुड़िया, कोषाध्यक्ष पन्ना चंद्राकार सरपंच परसवानी एवं जयमित्र साहू सरपंच गोजी, मीडिया प्रभारी योगेश साहू सरपंच भोथली, संयोजक ज्योति मांडवी सरपंच भेंडरा, सहसंयोजक दुलार साहू सरपंच सिंधौरीकला, महामंत्री भारत भूषण सरपंच सेलदीप, देवचरण चंद्राकर सरपंच जीजामगांव नियुक्त किए गए।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत गौकरण साहू मौजूद थे।

# भानु ने बैटिंग व गौकरण ने बॉलिंग कर क्रिकेट स्पर्धा का किया शुभारंभ

- मंदरौद में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू, क्षेत्रीय टीमें ले रहीं भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



शहीद भगत सिंह स्टेडियम मंदरौद में 19 मई से रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, वरिष्ठ क्रिकेटर पुस्कर गोस्वामी, मोहन साहू, पूर्व जनपद सदस्य थानू साहू के आतिथ्य में किया गया।

कुरुद जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मंदरौद में इस बार भी ग्रीष्मकालीन रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। एक सप्ताह तक क्षेत्रीय टीमें भाग लेकर अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। पहला मैच गिरौद और रसेला के मध्य खेला गया, जिसमें गिरौद की टीम विजेता रही। दूसरा मैच मोहंदी और चिंवरी के बीच खेला गया, जिसमें चिंवरी की टीम विजेता रही। तीसरा मैच बारना और सड़कंडा के मध्य खेला गया, जिसमें सरकंडा की टीम विजेता रही। चौथा मैच डांडेसरा और सिवनीकला के बीच हुआ, जिसमें डांडेसरा की टीम विजेता रही। पांचवे मैच में धौराभाठा को हराकर अतरमरा की टीम विजेता रही।

इस अवसर पर सरपंच भीखम लहरे, जनपद सदस्य कंचन साहू, पुष्पा निषाद, मोतीराम साहू, पुरूषोतम निषाद, किशोर नागे, युवराज, तिलोक, मयाराम समेत आयोजन समिति के सदस्य मौजूद थे।

### वरिष्ठ खिलाड़ी पुष्कर गोस्वामी ने खेल के नियम बताए

मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए हुए बताया कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण प्रतिभा को अपने खेल कौशल को निखारने का मौका मिलता है। अध्यक्षता कर रहे भानु चन्द्राकर ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक अजय चन्द्राकर ने गांव-गांव में स्टेडियम एवं खेल में सहायक सुविधाएं उपलब्ध करवाकर खिलाड़ियों को बड़े फलक पर छा जाने का मौका दिया है। वरिष्ठ क्रिकेटर पुस्कर गोस्वामी ने प्रतियोगिता के नियम कायदे और खेल की बारिकियों के बारे में जानकारी दी।

# बिजली पोल खड़ा करने में बरती जा रही अनियमितता

- ठेकेदार कांक्रीट करने की बजाय मिट्टी डाल रहा, कभी भी गिर सकता पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी




विकासखंड नगरी के आसपास के गांवों में बिजली विभाग द्वारा 33 केवी बिजली खंभा लगाने का काम ठेकेदार को दिया गया है। गुहाननाला के पास ट्रांसफार्मर लगाने पोल खड़ा किया गया जिसमें स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि इसमें कांक्रीट ही नहीं डाला गया है। हरदीभाठ से नगरी पुरानी बस्ती खेतों में बड़ी लाइन का विद्युत पोल लगाया जा रहा जिसमें नाम मात्र कांक्रीट डाला गया है। बारिश के समय पानी भरने से विद्युत पोल झुक जाएगा।

ठेकेदार द्वारा शासन प्रशासन के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा बिजली पोल खड़ा करने के दौरान मिट्टी ही डाली जा रही है। कई जगह नाम मात्र कांक्रीट किया जा रहा है। शायद उच्च विभागीय अधिकारी को कार्य स्थल का निरीक्षण करने की फुर्सत नहीं है। बारिश के मौसम में खेतों में पानी भरने से बिजली पोल झुक जाएंगे। पिछले कई दिनों से आंधी तूफान के चलते बिजली पोल टूटने के साथ झुकने लगे हैं। इससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। अभी गांवों से हो रही बिजली बंद से ग्रामीण काफी परेशान है।

इस संबंध में नगरी विद्युत विभाग अधिकारी से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि नया काम धमतरी विद्युत विभाग द्वारा किया जाता है। बेलर विद्युत विभाग अधिकारी ने बताया कि डीपी की जगह में बोल्डर पत्थर डालकर कांक्रीट किया जाता है। ऐसा सभी जगह नहीं किया जाता।

# सामाजिक गतिविधियों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



रविवार को झरिया गंधर्व समाज की जिलास्तरीय बैठक हुई। बैठक में सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष दीनदयाल गंधर्व, उपाध्यक्ष राजकुमार चालकी, सचिव वासुदेव मरकाम, सहसचिव नरोत्तम, संरक्षक रामकुमार, कोषाध्यक्ष हरेंद्र टांडेश, सलाहकार मोहन जालेश, पूर्व जिला अध्यक्ष गणेशराम नगारची, सिहावा क्षेत्र अध्यक्ष गणेशराम टांडेश, मगरलोड अध्यक्ष दुलारसिंह गनियार, भारत नागेश, सुदर्शन टांडिया, ढेलूराम, दिनेश, रामदास, अर्जुन, तुकाराम, बाबूलाल मंडावी समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

# गुल्लक तोड़कर मृतिका के परिवार की आर्थिक मदद की

- बालक शौर्य ने गरीब की सहायता कर अपने जन्मदिन को बनाया खास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगरी के एक छोटे से बालक शौर्य जैन उम्र 5 वर्ष ने अपने जन्मदिन को गरीबों की आर्थिक मदद कर खास बनाया।

ज्ञात हो कि ग्राम खड़पथरा (बिरगुड़ी) निवासी चंद्रिकाबाई उम्र 65 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है।

शौर्य जैन ने अपने गुल्लक से पैसे निकालकर मृतिका के परिवार की आर्थिक मदद कर अपने जन्मदिन को खास बनाया। उस दुखी परिवार के लिए राशन सामग्री की व्यवस्था की गई। उनके साथ नगर के समाजसेवी सन्नी छाजेड़, पूनम प्रजापति, लक्ष्मीनाथ जांगड़े, खेमराज, सत्यम भट्ट भी उपस्थित थे।

साथ ही एक बुजुर्ग व्यक्ति उम्र लगभग 70 वर्ष भटकते हुए नगरी आ गया था। गांव पता पूछने पर वह कभी ओडिसा तो कभी धमतरी बता रहा था। समाजसेवी सन्नी छाजेड़ ने उसे नया कपड़ा तथा भोजन कराकर बस में बिठाकर धमतरी पहुंचाया।

## बीएड-डीएड प्रशिक्षित संघ ने निकाली रैली

# 57 हजार शिक्षाकर्मी भर्ती की घोषणा पूरी करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



डीएड-बीएड प्रशिक्षित संघ ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को शहर में रैली निकाली एवं शासन के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

सदस्य मितेश सार्वा, नीलकंठ, लोकेश सोम, भूमिका, चुनेश्वर, गोपेश्वरी साहू, नोमेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, अमित साहू, रविंद्र मरकाम, कुलेश्वर नेताम, देवेंद्रकुमार, तामेश्वरी सिन्हा, संदीप नेताम, वेदप्रकाश, भूपेश, परमेश्वर साहू, भीमराव सिन्हा, गोपाल साहू ने बताया कि मोदी की गारंटी में 57 हजार शिक्षाकर्मियों की भर्ती करने की घोषणा की गई थी, उसे पूरा किया जाए। 4000 स्कूलों को बंद करने का आदेश वापस लिया जाए। शिक्षक भर्ती मामले को विधायकों ने विधानसभा में उठाया है। 35 हजार शिक्षको का पद समाप्त किया जा रहा है, जिसका सभी सदस्य विरोध करते हैं।

Pride of Dhamtari

॥ श्री शिवाय नमस्तुभ्यं ॥
नींव से निर्माण तक...
वास्तु एवं संरचना एसोसिएट्स
जय माँ चंडी कंसल्टेंसी एवं कंस्ट्रक्शन
Pro.- Er. Anurag Sahu
(सिविल इंजीनियर एवं आर्किटेक)
नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्र रजि.
8839477281
9000051163
बिल्डिंग डिजायनर, इंडस्ट्रियल एंड फाइनेंस हब, प्लानर, सर्वेयर (टोटल स्टेशन एवं डम्पी लेवल) फैक्ट्री एवं गोदाम के नक्शे
सुविधाएं - भवन के नक्शे, स्टीमेट एवं बिल (लोन), साईड सर्वेक्षण, डायवर्सन के नक्शे, साईड सुपर विजन, टाऊन एवं प्लाटिंग के नक्शे, फैक्ट्री एवं गोदाम के नक्शे, सिविल संबंधित सम्पूर्ण कार्य
False Ceiling & Wallpaper, Tiles & Putty Painting Sanitary, Flushed Door, Electric Fitting Plumbing, Modular Kitchen & Fabrication (Steel, Aluminium)
कार्यालय - पुराना बस स्टैंड, अनुराधा स्वीट्स के पास वार्ड क्र.10 कुरूद
नोटः- वास्तुनुसार भवन/ प्लाट आदि के नक्शे नगर पालिका/ नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्र से नक्शा पास, 3D एलिवेशन, विथ मैटीरियल भवन निर्माण

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

खबर संक्षेप



## बुजुर्ग महिला से पति और बहू ने मिलकर की मारपीट

**कांकेर।** दसपुर में बुजुर्ग महिला से उसके पति और बहू ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया है। बुजुर्ग महिला परेशान होकर कांकेर थाना में शिकायत करने जैसे तैसे पहुँची। पुलिस ने बुजुर्ग महिला की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंची दसपुर निवासी 60 वर्षीय लीलाबाई साहू पति दयालू राम साहू ने पुलिस को बताया कि 17 मई को करीबन 7 बजे मेरे पति दयालू राम साहू एवं मेरी बहू किरण साहू साथ में खड़े थे। उन दोनों को देखकर कहा कि यहाँ पर साथ में कैसे खड़े हो, इतना कहते ही मेरे पति एवं बहू के द्वारा बोला कि हम लोग खड़े हैं, तुझे क्या परेशानी हो रही है। घर में जब चाहे तब टोकाटाकी करती रहती है। ऐसा बोलकर दोनो के द्वारा हाथ मुक्का एवं डण्डा से मारपीट करते हुए गाली देने लगे। दोनों आरोपियों के द्वारा जान से मारने की धमकी दिया गया है। मारपीट करने से मेरे दोनों हाथ पैंर एवं शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई है। मुझे डर है कि मेरे पति और बहू मेरे साथ कभी भी किसी भी तरह की अन्होनी घटना को अंजाम दे सकते है। मैं दोनो के इस व्यवहार से बहुत आहत हूँ।

## राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति प्रवीण्य परीक्षा में जिले में दुर्गूकोंदल विकासखंड ने मारी बाजी



**दुर्गूकोंदल।** जिला मुख्यालय कांकेर से करीबन 75 किमी दूर स्थित दुर्गम विकासखंड दुर्गूकोंदल अब शिक्षा गुणवत्ता अभिवृद्धि में छत्तीसगढ़ राज्य का अनुकरणीय उदाहरण बनते जा रहा है। सुविधाविहीन माहौल और वनग्रामों के अल्प आर्थिक स्थिति में पल बढ़ रहे गरीब बच्चों के उज्वल और मजबूत आत्मनिर्भर भविष्य को गढ़ने के लिए अब शिक्षा विभाग ने कमर कस लिया है। विकासखंड दुर्गूकोंदल के शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे की दूरगामी कुशल नेतृत्व तथा सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी के जीवट मार्गदर्शन तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक लतीफ सोम के कुशल प्रबंधन के साथ सक्रिय व कर्मठ संकुल समन्वयकों, अनुभवी प्राचार्यों, प्रेरक प्रधानपाठकों, समस्त शिक्षक समुदाय के टीम वर्क की बानगी का नतीजा है कि आज फिर वर्षों से पिछड़े अकेले दुर्गूकोंदल विकासखंड के 137 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति प्रवीण्य परीक्षा में राज्य में चयनित होकर अपने उम्मीदों के आकाश को ऊंचा कर लिया है। इसके लिए विकासखंड से कुल 676 विद्यार्थियों ने आवेदन फॉर्म भरा था तथा 674 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 428 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 137 बच्चे चयनित हुए।

### अगले 15 दिनों में शत-प्रतिशत किसानों का क्रेडिट कार्ड बनवाने के निर्देश

# केसीसी बनाने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई





- कलेक्टर ने की कृषि और सहयोगी विभागों के कामकाज की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

किसानों के क्रेडिट कार्ड बनाने के मामले में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सख्ती दिखाई है। उन्होंने कृषि और सहयोगी विभागों की समीक्षा बैठक में सभी मैदानी अमले को शत-प्रतिशत किसानों के क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए 15 दिन की मोहलत दी है। कलेक्टर ने सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, उद्यानिकी, मछलीपालन और पशुपालन विभाग के मैदानी अमले को इसके लिए सख्त निर्देश दिए हैं। 15 दिनों के भीतर लक्ष्य अनुसार किसान क्रेडिट कार्ड नहीं बनने पर लापरवाह अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

श्री मिश्रा ने समीक्षा बैठक में निर्देशित किया कि छोटे किसानों से लेकर वन अधिकार पट्टा वाले किसानों से भी क्रेडिट कार्ड बनवाए जाएं ताकि ऐसे किसानों को पशुपालन, मछलीपालन, उद्यानिकी फसलों की सामुहिक खेती के साथ-साथ डेयरी और अन्य रोजगारमूलक गतिविधियों से जोड़ने में आसानी हो। उन्होंने समीक्षा बैठक में मौजूद जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि कृषि और सहयोगी विभागों के मैदानी अमले के साथ मिलकर गांव-गांव में शिविर आयोजित कर 15 दिनों के भीतर सभी किसानों के क्रेडिट कार्ड बनाए जाएं। कलेक्टर ने पीएम सम्मान निधि योजना से लाभान्वित होने वाले किसानों सहित जिले के सभी किसानों का पंजीयन एग्री स्टेक पोर्टल पर कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, कृषि विभाग के उप संचालक मोनेश साहू सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं विकासखण्ड तथा मैदानी स्तर के अधिकारी भी शामिल हुए।

बैठक में कलेक्टर ने जिले की सहकारी समितियों और निजी कृषि केन्द्रों-दुकानों में खाद-बीज-दवाई के भण्डारण और वितरण की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने आगामी खरीफ मौसम के लिए अभी से ही बीज-खाद का उठाव किसानों से कराने के निर्देश मैदानी अमले को दिए। कलेक्टर ने कहा कि अभी भण्डारित बीज और खाद का उठाव हो जाने पर आने वाले समय में बीज-खाद की मांग अनुसार पूर्ति आसानी से समय पर हो सकेगी। उन्होंने मई माह के समाप्त होने तक कुल भण्डारित बीज-खाद में से 40 प्रतिशत का वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

## खाद-बीज का उठाव तेज करने के दिए निर्देश

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने भखारा स्थित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने समिति में मौजूद किसानों से बीज-खाद के उठाव के बारे में पूछताछ की। श्री मिश्रा ने किसानों से किसान क्रेडिट कार्ड के उपयोग के बारे में भी पूछा। उन्होंने किसानों को अभी से ही बीज-खाद का उठाव करने की समझाईश दी, ताकि गोदाम खाली होने पर और बीज-खाद मंगाए जा सकें। श्री मिश्रा ने साख सहकारी समिति के प्रबंधक से आगामी खरीफ मौसम के लिए बीज और खाद भण्डारण की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि क्षेत्र के बड़े किसानों सहित जिन किसानों के घर या खलिहान में खाद-बीज रखने के लिए पर्याप्त स्थान हो, उन्हें प्रोत्साहित कर अभी से ही खाद-बीज का उठाव कराया जाए। उन्होंने इसके लिए कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि समितियों में अभी भण्डारित किए गए बीज-खाद का जितना जल्दी उठाव होगा, उतनी ही जल्दी मांग अनुसार और बीज-खाद के लिए राज्य स्तर पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने उप संचालक कृषि मोनेश साहू और अन्य अधिकारियों को निजी दुकानों में भी बीज-खाद के भण्डारण और बिक्री पर नजर रखने के निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने किसी भी स्थिति में निजी दुकानों से गुणवत्ताहीन बीज और अमानक खाद की बिक्री नहीं करने के लिए जरूरी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने बीज और खाद का अधिक मात्रा में अवैध भण्डारण कर रखने और कालाबाजारी करने वाली सभी दुकानों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## पचपेड़ी में निकाली गई शौर्य तिरंगा यात्रा

**अंवरी।** ग्राम पचपेड़ी में ऑपरेशन सिंदूर अभियान की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई। देश भक्ति गीतों और सेना के हौसले व जज्बे को सलाम करते हुए नारों के साथ ग्राम पंचायत से यह यात्रा शुरू हुई। पूरे गांव का भ्रमण किया। इस यात्रा में सरपंच विनय साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश जैन, उपसरपंच राकेश पटेल, पंचगण वशिष्ठ साहू, लोमेश साहू, सचिव गैंदलाल साहू समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## कमार बसाहटों में जनमन से निकली जलधारा

- 7 हजार से अधिक लोगों को मिली घर पहुंच पानी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले के दूरस्थ वनांचलों में बसे विशेष पिछड़ी जनजाति के कमार परिवारों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत अब पीने और निस्तारी के लिए भरपूर पानी मिलने लगा है। जिले के धमतरी, नगरी और मगरलोड विकासखण्डों के 118 गांवों की 130 बसाहटों में हर घर जल पहुंच गया है। इन सभी गांवों में आवश्यकतानुसार रेट्रोफिटिंग और सिंगल विलेज जल प्रदाय योजनाओं से एक हजार 958 घरों में नल कनेक्शन लगाए गए हैं। पीएम जनमन के माध्यम से पानी पहुंचाने की इस योजना से विशेष पिछड़ी जनजातियों के सात हजार से अधिक लोगों को पानी की आपूर्ति उनके घरों में नल कनेक्शन से की जा रही है।

जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति कमारों की 92 ग्राम पंचायतों के 118 गांवों की 130 बसाहटों के 1981 परिवार निवासरत हैं। यह गांव-बसाहटें सुदूर वनांचलों और घने जंगलों में बसीं हैं। यहां रहने वाले लोगों को पीने की पानी की व्यवस्था के लिए अपने घरों से दूर जंगलों, तालाबों या पोखरों तक जाना पड़ता था। कई बसाहटें पानी के लिए जंगलों में बहने वाले मौसमी नदी-नालों पर निर्भर थीं।

पानी के लिए बहुत दूर तक जाने में लगने वाले शारीरिक श्रम, गर्मी-बरसात-ठंड के मौसम में होने वाली असुविधाओं के साथ-साथ पोखरों-तालाबों-नालों के अशुद्ध पानी के कारण होने वाली बीमारियों से भी लोगों को जूझना पड़ता था। जंगलों में पैदल चलते रहने से सांप-बिच्छुओं के साथ-साथ जंगली जानवरों के हमले का डर भी लगा रहता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुसार विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने और उनके रहवास क्षेत्र को विकसित करने के लिए पीएम जनमन अभियान जिले में शुरू किया गया। इस अभियान के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार क्षेत्रों का समग्र विकास करने की योजना तैयार की गई। इन कमार बसाहटों में पीने का पानी घर-घर पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन के तहत रेट्रोफिटिंग, सिंगल विलेज व समूह जल प्रदाय योजनाओं को स्वीकृत किया गया। योजनाओं के अनुसार चयनित गांवों में हैण्डपम्प, ट्यूबवेल जैसे जलस्त्रोत बनाए गए। गांवों में आरसीसी ओवहरहेड पानी टंकियों का निर्माण किया गया। इन पानी टंकियों से बसाहटों के हर घर में पाइप लाइन बिछाकर नल कनेक्शन दिए गए। जिन गांवों-बसाहटों में बिजली की व्यवस्था नहीं थी, वहां सौर ऊर्जा चलित पम्प लगाकर पानी की आपूर्ति घर-घर में लगे नलों में की गई।

## युवाओं ने सीखे फोटोग्राफी के आधुनिक गुर

- प्रतिभागियों को दिया गया प्रमाण-पत्र, रोजगार, स्वरोजगार के लिए मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रोजेक्ट युवा के तहत धमतरी के युवाओं को फोटोग्राफी के आधुनिक गुर सिखाने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिले के 40 से अधिक युवाओं को फोटोग्राफी के साथ-साथ डिजिटल कौशल विकसित करने और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ाने का भी निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। युवाओं को यह प्रशिक्षण कैमरा उत्पादन करने वाली जानी मानी कंपनी निकोन इंडिया के विशेषज्ञों ने दिया। प्रोजेक्ट युवा के तहत आयोजित यह कार्यशाला पूरी तरह से निःशुल्क रही और इसमें फोटोग्राफी में रुचि रखने तथा उसे अपनी आजीविका के रूप में अपनाने का इरादा रखने वाले 40 से अधिक युवा शामिल हुए। कार्यशाला का आयोजन गंगरेल के सिंचाई विभाग के रेस्ट हाउस में 12 से 19 मई तक किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण- पत्र भी वितरित किए गए। कार्यशाला में डीएसएलआर कैमरों, उनकी तकनीकों, उन्हें इस्तेमाल करने के तरीकों के साथ मोबाइल फोटोग्राफी की भी जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को कैमरे में फोटो फ्रेमिंग, लाइटिंग और कम्पोजिशन के बारे में बताया गया। कार्यशाला में निकोन इंडिया के फोटो विशेषज्ञों ने पोस्ट प्रोसेसिंग कर चित्रों को आकर्षक बनाने के गुर भी सिखाए। कार्यशाला में कैमरों के प्रयोग के साथ सभी प्रक्रियाएं हैंड्स ऑन या प्रैक्टिकल भी कराई गई।

## रूद्री में बनेगा मुक्तिधाम, हाईस्कूल में रंगमंच को भी मिली मंजूरी



- रूद्री के समाधान शिविर में शामिल हुए प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा
- मंत्री बोले: छत्तीसगढ़ में बात करने वाली नहीं, काम करने वाली सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सुशासन तिहार के तहत धमतरी विकासखण्ड के ग्राम रूद्री गांव में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। लोगों को संबांधित करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब बात करने वाली नहीं, काम करने वाली विष्णु देव सरकार है। राजस्व मंत्री ने श्री रामू रोहरा की अनुशंसा पर रूद्री में महानदी घाट के किनारे सुसज्जित मुक्तिधाम बनाने के लिए 10 लाख रूपये और रूद्री के हाईस्कूल में रंगमंच बनाने के लिए 5 लाख रूपये की मंजूरी भी समाधान शिविर में ही दी।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार ने मोदी की सभी गारंटियों को धरातल पर साकार किया है। प्रदेश के सभी लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। महतारी वंदन योजना से लेकर तेन्दूपत्ता संग्राहकों तक सभी लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। रूद्री क्लस्टर में शामिल 9 ग्राम पंचायतों से सुशासन तिहार के दौरान मिले कुल 5 हजार 359 आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण प्रशासन द्वारा कर दिया गया है। इसकी जानकारी शिविर में लोगों को दी गई। इनमें से से 5 हजार 235 आवेदन मांग और 124 आवेदन शिकायत से संबंधित थे।

धमतरी विधायक ओंकार साहू ने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार की तारीफ की। उन्होंने अपने संबांधन में कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करने का यह तरीका सबसे आसान है। उन्होंने सुशासन तिहार के दौरान मिले आवेदनों के निराकरण में धमतरी जिले के अव्वल होने पर भी प्रशासन की प्रशंसा की। विधायक ने धमतरी में अवैध रेत उत्खनन तथा अवैध प्लाटिंग के बारे में शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि पिछले 18 महीनों में धमतरी में विकास के जो काम हुए हैं, उन्हें सब देख रहे हैं। समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों की परेशानियां को दूर करने और उनकी मांगों को पूरा करने का संवेदनशील प्रयास विष्णुदेव सरकार ही कर सकती है। जिले में सुशासन तिहार के दौरान मिले आवेदनों में से 99 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण प्रशासन द्वारा कर लिया गया है।

जिला पंचायत के अध्यक्ष अरूण सार्वा ने कहा कि अच्छी सोच और उद्देश्य के साथ मुख्यमंत्री ने सुशासन तिहार कार्यक्रम शुरू किया है। मुख्यमंत्री स्वयं, सरकार के मंत्री, कलेक्टर, अधिकारी सभी गांव-गांव में लोगों की समस्याओं को सुलझाने पहुंच रहे हैं। लोगों को भी सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए।

समाधान शिविर में पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष श्री नेहरू निषाद, जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जिपं सभापति श्रीमती मोनिका देवांगन, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव, उपाध्यक्ष केशव साहू, जिपं सदस्य श्रीमती अनीता ध्रुव, जनपद सदस्य श्रीमती अनीता यादव, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रकाश बैस, रूद्री सरपंच श्रीमती लक्ष्मी बया, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, एसपी सूरज सिंह परिहार, सीईओ जिपं रोमा श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद रहे।

### प्रभारी मंत्री ने की कलेक्टर मिश्रा की प्रशंसा

जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने मंच से कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वे पहले भी श्री मिश्रा के साथ काम कर चुके हैं। श्री मिश्रा रिजल्ट देने वाले अधिकारी हैं। आप सभी अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए बेझिझक इन तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने श्री मिश्रा को धमतरी को समग्र रूप से विकसित करने की योजना बनाने वाले कलेक्टर बताया।

## हज में जाने वालों का अंजुमन कमेटी ने किया इस्तकबाल

- आजमीने हज से शहर, प्रदेश और देश की खुशहाली के लिए दुआ करने की गुजारिश की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



इस साल हज में जाने वाले (आजमीने हज) हाजियों का अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने रविवार की शाम जैनब पैलेस में इस्तकबाल किया। जलसे की शुरूआत जामा मस्जिद के पेश इमाम मोहम्मद रहमानी रजा मिसबाही ने तिलावते कुरआन से करते हुए हज में जाने वालों को हज के दौरान की जाने वाली इबादतों की जानकारी दी।

सभी आजमीने हज से शहर, प्रदेश और देश की खुशहाली, अमन चैन के लिए दुआ करने की गुजारिश की गई। इस साल हज में जाने वालों यूसुफ रजा, मोहम्मद सलीम पुंवार, मोहम्मद अशरफ खत्री, रहमत खान, अब्दुल वहीद चौहान, अब्दुल सलाम तिगाला, शेख निसार, मोहसीन रोकड़िया का गुलपोशी और शाल देकर इस्तकबाल किया गया। हाजी अब्दुल हमीद पोल्ट्री फार्म वाले की तरफ से हाजियों को तोहफा दिया गया। इस साल मोहम्मद अनवर सोलंकी, हबीब अहमद एवं मोहम्मद सलीमुल्लाह अंसारी अधिवक्ता भी हज में जा रहे हैं।

कार्यक्रम में अंजुमन इस्लामिया कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हाजी नसीम अहमद, अध्यक्ष शेख मोबीन, सैयद नवाब अली, सैयद आसिफ अली, हाजी अहमद रजा, राजू कुरैशी, अब्दुल सलाम खत्री, मोहम्मद शाह अहमद, फिरोज खान, आजम रिजवी, बशीर अहमद, शेख आजम, इमरान मेमन, उमर उस्मान, अब्दुल रज्जाक रिजवी, रफीक भाई ईत्रवाले, हाजी मोहम्मद नाशाद अहमद, हाजी अब्दुल, हमीद खान, मोहम्मद जमील, ताजुद्दीन खत्री, मोहम्मद निसार, हाजी अजमल खान, सैयद अफजल अली रिजवी, हनीफ कुरैशी, असलम भाटी समेत मुस्लिम समाज के वरिष्ठ मौजूद रहे।

## खेती में एआई, अधिकारियों व किसानों का प्रशिक्षण शुरू

**धमतरी।** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का खेती-किसानी में उपयोग करने के तरीके सिखाने के लिए जिले में चयनित किसानों और अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू हो गया है। कुरूद की स्वयं सेवी संस्था के प्रशिक्षण केन्द्र में लगभग 20 किसानों और इतने ही अधिकारियों को खेती के लिए एआई तकनीकों के उपयोग के तरीके सिखाए जा रहे हैं। इन सभी प्रशिक्षित किसानों और अधिकारियों को जिले में मास्टर ट्रेनर का दर्जा दिया जाएगा और इनके माध्यम से ही अन्य किसानों को भी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग कर खेती-किसानी में जोखिम कम करने और आय बढ़ाने के गुर सिखाए जाएंगे। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस प्रशिक्षण में सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव के साथ शिरकत की। उन्होंने प्रशिक्षण में शामिल किसानों से इसकी उपयोगिता के बारे में भी बात की और उनका हौसला बढ़ाया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को ड्रोन के माध्यम से फसलों में उर्वरक और कीटनाशक छिड़काव का डेमोस्ट्रेशन भी दिखाया गया।

किसानों ने इस प्रशिक्षण को उपयोगी और खेती की लागत कम करने में कारगर बताया। पहले से ही मौसम की जानकारी, जमीन में उर्वरा शक्ति और पोषक तत्वों की जानकारी मिलने से खेती में होने वाली आसानी और फायदे भी बताए। किसानों ने इस प्रशिक्षण को सिंचाई, निंदाई-गुड़ाई आदि कामों के लिए भी पहले सही सूचित करने में फायदेमंद बताया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों-अधिकारियों को खेत में स्वाईल सेंसर और क्लाईमेट सेंसर लगाकर उनके उपयोग का व्यवहारिक ज्ञान भी दिया गया।

## ग्रामीणों को लाभान्वित करने 108 आदिवासी बाहुल्य गांवों में लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

**धरती आबा संतृप्तिकरण शिविर 15 से 30 जून तक**

जिले के आदिवासी बाहुल्य इलाकों में सड़क, बिजली, पानी, पढ़ाई-लिखाई और इलाज की बेहतर सुविधाओं जैसे मूलभूत जरूरतों को विकसित करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया गया है। धमतरी जिले के 97 ग्राम पंचायतों के 108 आदिवासी बाहुल्य गांवों को इस अभियान में शामिल किया गया है। इन गांवों में शासन की विभिन्न योजनाओं से शत-प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करने के लिए 15 जून से 30 जून तक धरती आबा संतृप्तिकरण शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविर में ग्रामीणों को 17 विभागों की 25 योजनाओं से यथासंभव मौके पर ही लाभान्वित किया जाएगा। इन शिविरों में ग्रामीणों के जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनाने के साथ-साथ उन्हें राजस्व विभाग की अन्य दूसरी सेवाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा।

शिविरों में राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, बीमा कार्ड, श्रम कार्ड, श्रम पंजीयन आदि भी किया जाएगा। खेती-किसानी, पशुपालन, मुर्गीपालन, सुअर पालन, मछलीपालन, डेयरी गतिविधियों के इच्छुक ग्रामीणों को इन योजनाओं का फायदा पहुंचाया जाएगा। इन 1058 गांवों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन के प्रकरण तैयार किए जाएंगे।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत अपने गांवों के समग्र विकास के लिए लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में शामिल होने की अपील ने की है। उन्होंने लोगों से कहा है कि इस अभियान के तहत गांव की स्थानीय जरूरतों के हिसाब से विकास योजनाओं को बनाने, उनका संचालन करने और उसमें आने वाली समस्याओं को मिल-बैठकर आपसी सहमति से सुलझाने के लिए इन शिविरों में ग्रामीणों की अधिक से अधिक भागीदारी जरूरी है।



**खबर संक्षेप**

## धान फड़ के पास जुआ खेलते तीन जुआरी पकड़ाए



**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत ग्राम पीव्ही 41 धान फड़ के पास जुआ खेल रहें तीन जुआरियों को पुलिस ने दबोचा। जुआरियों के कब्ते से तास पत्ती व नगद को जप्त किया गया। जानकारी के अनुसार 19 मई को रात 10 बजें पीव्ही 40 पुरूषोत्तमनगर निवासी 37 वर्षीय सुब्रत बड़ई पिता सुभाष, पीव्ही 40 पुरूषोत्तम नगर निवासी 38 वर्षीय असीम बड़ई पिता अनंत बड़ई और पीव्ही 41 निवासी 36 वर्षीय शशी बड़ई पिता सुखरंजन बड़ई तास के पत्ती 52 पत्ती से रूपएं पैसे का दांव लगाकर हार जीत का जुआ खेल रहे थे। कार्यवाही के दौरान पुलिस को आता देख कुछ लोग भागने में कामयाब हुए। मौके पर जुआरियों के कब्जे से कुल 1 हजार 230 रूपएं, तास के 52 पत्ती, एक नग सफेद रंग का गमछा को जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 3 (2) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## राज्यपाल आज से कांकेर जिले के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका दो दिवसीय प्रवास के



तहत 21 मई को दोपहर 3 बजकर 35 मिनट पर अलबेलापारा हेलीपेड पहुंचेंगे। हेलीपेड से सीधे जिला पंचायत परिसर पहुंचेंगे, जहां एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण करेंगे। पौधारोपण के उपरांत जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। इसके पश्चात सायं साढ़े 5 बजे केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के तहत जिले में क्रियान्वयन का अवलोकन एवं निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के उपरांत शासकीय विश्राम गृह में 6 बजे पहुंचेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन 22 मई को राज्यपाल सुबह 09 बजे विश्राम गृह से जंगलवार कॉलेज के लिए प्रस्थान करेंगे, जंगलवार की गतिविधियों का अवलोकन करेंगे। इसके उपरांत सुबह सवा दस बजे अलबेलापारा हेलीपेड से जिला कोण्डागांव के लिए रवाना होंगे।

## घर में शराब पीने की सुविधा देते युवक पकड़ाया

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि ग्राम आड़ाफरसी का दीनू आंचला अपने घर आंगन में आने जाने वाले लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराकर शराब पिला रहा है। जानकारी की तस्दीक करने के बाद 19 मई कि रात 12 बजे पुलिस ने छापामार कार्रवाई किया। पुलिस को आता देख शराब पीने वाले भाग निकले। मौके पर आरोपी आड़ाफरसी निवासी 21 वर्षीय दीनू आंचला पिता अंतु आंचला को पकड़ा गया, जो अपने घर आंगन में आम लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराते रंगे हाथों मिला। कब्जे से 3 नग डिस्पोजल गिलास, बाजारू मिक्चर व 300 एमएल महुआ शराब कीमती 60 रुपए को जब्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### कृषि अधिकारियों के अलावा एसडीएम भी करेंगे जांच

# अमानक बीज-खाद बेचने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई, दुकानें होंगी सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

**कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों को दिए निर्देश**





जिले में अमानक खाद-बीज बेचने वाले दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इसके लिए कृषि विभाग के अधिकारियों के अलावा सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्र की खाद-बीज की दुकानों-कृषि केन्द्रों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अमानक खाद-बीज पाए जाने पर ऐसी दुकानों को सील तक करने को कहा है। कलेक्टर ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने बदलते मौसम और बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए मौसमी बीमारियों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से ली। कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में दवाईयां रखने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में कंट्रोल रूम बनाने और उसका दूरभाष नंबर जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सिकसेल जांच के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में जांच केन्द्र बनाने के लिए भी निर्देशित किया। आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान वाय वंदन, जेनेरिक मेडिकल दुकानों की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जिले में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सभी जिला स्तरीय अधिकारी समाधान शिविरों का निरीक्षण करें और जहां शिकायतें आ रहीं हैं, उनका निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि महतारी वंदन योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इसके तहत महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपये मिलते हैं। उन्होंने जिन महिलाओं के खाते में राशि प्राप्त नहीं हो रही है, उसके कारणों की जांच करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए और प्राथमिकता से राशि अंतरित कराने की कार्रवाई करने कहा।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले की खराब और जर्जर सड़कों की जानकारी ली। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और पीएमजीएसवाय के अधिकारियों को खराब सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में चना खरीदी और उसके भुगतान की भी जानकारी अधिकारियों से ली। श्री मिश्रा ने प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, श्रम विभाग की योजनाओं सहित अन्य विभागीय योजनाओं की बारी-बारी से समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

## पटवारियों ने राजस्व मंत्री को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग के राजस्व व जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा को धमतरी आगमन पर राजस्व पटवारी संघ ने लंबित मांगों को शीघ्र पूर्ण करने ज्ञापन सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी कई लंबित मांगें है।

पटवारियों को दिए जाने वाले संसाधन भत्ता को अविलंब प्रदान किया जाए। शासन द्वारा ग्रेड-पे 2200 से बढ़ाकर 2400 किया गया है। इसके अलावा 10, 20 एवं 30 वर्ष सेवा पूर्ण करने पर समयमान वेतनमान का लाभ शासन द्वारा प्रदान किया गया है। पटवारियों को ग्रेड-पे का लाभ मिल रहा है। किन्तु सेवा पुस्तिका सत्यापन नहीं करने के कारण समय पर लाभ नहीं मिलता है। समयमान वेतन का लाभ प्राप्त किए भी पटवारी सेवानिवृत्त होते जा रहे है। समस्त विभागों में वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति होती है परंतु पटवारी ही ऐसा कर्मचारी है जो पटवारी पद पर ही सेवानिवृत्त हो जाते हैं। छत्तीसगढ़ में 8 वर्षों से पदोन्नति से वंचित पटवारियों को वरिष्ठता क्रम में पदोन्नति प्रदान करने आदेशित करें।

आरआई के लिए परीक्षा ली गई थी, उस मामले की जांच की जाए। आवेदन देने वालों में जिलाध्यक्ष वासुदेव भोई, सचिव विकास साहू, दीपक नेताम, प्रकाश साहू, बबीता साहू, टुकेन्द्र धनकर, प्रवीण टिकरिया, विनोद पटेल, संतोष शांडिल्य, डॉमिलता नगेशिया, हिरेन्द्र सिन्हा शामिल थे।

## पटवा समाज ने की महापौर से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पटवा समाज के प्रतिनिधि मंडल ने नगर निगम कार्यालय में महापौर रामू रोहरा से मुलाकात की। समाज के लोगों ने सफाई व्यवस्था, सामुदायिक भवन की मांग और सामाजिक कार्यक्रमों में नगर निगम से सहयोग जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

महापौर श्री रोहरा ने कहा कि पटवा समाज एक जागरूक और संगठित समाज है। समाज की मांगों पर प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा और नगर निगम हरसंभव सहयोग करेगा। समाज की ओर से महापौर रामू रोहरा का शाल व श्रीफल से सम्मान किया गया।

## शीतला माता मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई की

**नगरी।** परमार्थ सेवा समिति नगरी द्वारा शीतला माता मंदिर परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान में संगठन के कई सक्रिय सदस्य शामिल हुए और समाजसेवा की मिसाल पेश की। इस अभियान में जसपाल खनूजा, देवकांत गजपाल, चमन साहू, दयाशंकर साहू, भोज राज साहू, संजय निर्मलकर, आकाश पंजाबी, केशव पटेल, पूर्व पार्षद भूपेंद्र साहू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर की साफ-सफाई की और साफ-सुथरे वातावरण के लिए समाज को प्रेरित किया। संगठन का उद्देश्य न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना है, बल्कि सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है।

# हर पटवारी प्रतिदिन कम से कम 5 नक्शा बटांकन के प्रकरणों का निबटारा करेंगे

- कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को इसे लक्ष्य मानकर तेजी से निराकरण करने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में जिले के सभी पटवारियों को हर दिन कम से कम 5 नक्शा-बटांकन के प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को इसे लक्ष्य मानकर तेजी से निराकरण को कहा है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में श्री मिश्रा ने जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली और उन्हें तेजी से निराकृत करने को कहा। कलेक्टर ने जिले में लंबित मैप-1 के प्रकरणों को आगामी एक सप्ताह में सत्यापन कराने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि को समय पर सुधारकर नक्शों का अंतिम प्रकाशन कराया जा सके।

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों को कम से कम पेशियों में निराकृत करने को कहा। उन्होंने नक्शा-बटांकन के लिए दोनों पक्षों को मोबाइल के माध्यम से सूचना देने के भी निर्देश दिए। बैठक में विवादित एवं अविवादित नामांतरण, विवादित एवं अविवादित बंटवारा, नक्शा बटांकन, व्यपवर्तन, अभिलेख शुद्धता, आरबीसी 6-4, स्वामित्व योजना, आधार प्रविष्टि, भू-अर्जन, वसूली आदि प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा करते हुए नक्शा बटांकन के कार्य में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने निर्देश दिये। साथ ही न्यायालयवार ई-कोर्ट की प्रगति, डायवर्सन, आधार सीडिंग, भू-अर्जन के प्रकरणों, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 सहित मुख्यमंत्री जन शिकायत और कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों पर भी गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई करने कहा।

## श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ सीटू ने हल्ला बोला



- एसडीएम को राष्ट्रपति, राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्रम कानून संहिताकरण, श्रम कानूनों में श्रमिक विरोधी संशोधन, श्रमिक विरोधी नीति आदि वापस लेने के लिए सीटू ने मंगलवार को गांधी मैदान में हल्ला बोला तथा एसडीएम को राष्ट्रपति, राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

सीटू सचिव समीर कुरैशी, मणिराम देवांगन ने बताया कि श्रमिकों का हक छीना जा रहा है। नाम मात्र की सुविधाएं मिल रही हैं। केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। भाखानि में कार्यरत ठेका मजदूरों को ठेका देकर कई वर्षों से मेहनत कराई जा रही है। श्रमिकों को एक समान मजदूरी, श्रमिक दर लागू करने, श्रम मंत्रालय, सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने, सामान्य सुविधाएं, विश्राम गृह, बिजली, पानी, कुर्सी, टेबल गोदाम परिसर में सुलभ शौचालय, बीमा, कार्यरत श्रमिकों को यथावत रखने की मांग की गई। इसी प्रकार धान मंडी में सीधी खरीदी बंद करने की मांग की है।

मंडी में धान की आवक बढ़ाने में दिशा में प्रयास, सीधी खरीदी पर कड़ी कार्रवाई, दलहन, तिलहन की आवक बढ़ाकर रोजगार उत्पन्न किया जाए। पेयजल, निस्तारी, सुलभ शौचालय की व्यवस्था सहित अन्य समस्याओं का निराकरण जल्द करें।

## विद्यार्थियों ने सीखे कला, संगीत और रंगमंच के कौशल

- अज़ीम प्रेमजी हाईस्कूल शंकरदाह में हुआ समर कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





अजीम प्रेमजी स्कूल शंकरदाह में ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैंप) का आयोजन किया गया। इस 11 दिवसीय शिविर में धमतरी, शंकरदाह, नवागांव, कंडेल, भोथली, बलियारा, डोड़की, भटगांव, झिरिया, सांकरा, बोड़रा से कुल 53 छात्रों ने भाग लिया। समर केंप का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति कौशल, आत्मविश्वास और सामाजिक चेतना को कला, संगीत और रंगमंच के माध्यम से विकसित करना था।

संगीत कार्यशाला में छात्रों को भारतीय शास्त्रीय, लोक संगीत और आधुनिक संगीत की बुनियादी और उन्नत तकनीकों से परिचित कराया गया। शिविर में प्रसिद्ध कवि भगवत रावत और अंजुम रहबर की प्रेरणादायी रचनाओं के माध्यम से बच्चों को गायन का अभ्यास कराया गया। छात्रों को गायन की बारीकियों, राग और ताल के सिद्धांतों को समझाया गया। उन्हें वाद्य यंत्रों की जानकारी दी गई। कलाखंड में छात्रों ने भारतीय लोक कलाओं और आधुनिक शिल्प कलाओं का गहन अभ्यास किया। इसमें वारली पेंटिंग (महाराष्ट्र की पारंपरिक कला), टाई एंड डाई (राजस्थान की कपड़ा रंगाई कला) और लिपन आर्ट (दीवार सज्जा की पारंपरिक कला) जैसी विधाओं को न सिर्फ सीखा, बल्कि स्वयं रचनात्मक प्रयोग भी किए। इसके अतिरिक्त बच्चों ने कबाड़ (पुराने अखबार, कागज, पानी की बोतल) की सामग्रियों का रचनात्मक उपयोग करते हुए कागज की मूर्तियां, प्रकाश दीपक, बोतल, कला और गुड़िया निर्माण जैसी गतिविधियों में भाग लिया।

छात्रों ने अभिनय के माध्यम से विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर अपनी समझ व्यक्त की। थिएटर के माध्यम से न केवल उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई, बल्कि उन्होंने समूह में कार्य करने की कला, नियंत्रण और अनुशासन को भी सीखा। इस अवसर पर प्रतिभागियों के पालकों को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने बच्चों के कार्यों की प्रशंसा की और विद्यालय की इस पहल को सराहा।

## राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए खिलेन्द्र का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड द्वारा 21 से 30 मई तक मपुसा गोवा में आयोजित की गई है जिसमें 6 महिला एवं 6 पुरुष का चयन छत्तीसगढ़ शतरंज दल के लिए हुआ है। इसमें धमतरी जिले के खिलेंद्र साहू व्यायाम शिक्षक सेजेस विद्यालय हटकेशर का चयन हुआ है।

खिलेन्द्र के राष्ट्रीय सिविल सर्विसेज शतरंज प्रतियोगिता में छग टीम का प्रतिनिधित्व करने पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी, सहायक खेल अधिकारी जेपी देव,, कुश्ती संघ अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, एथलेटिक्स संघ से रितिक यादव, देवभरत साहू, विकास ठाकुर, कैलाश ध्रुव, व्यायाम शिक्षक गोपाल साहू, चोवाराम साहू, जितेन्द्र साहू, राजकुमार सिन्हा, घनश्याम ध्रुव, गीतेश्वर साहू, प्रभाकर सिंह, राजकुमार साहू, तामेश्वर साहू, गोविन्द सार्वा, विरेंद्र मीनपाल, दुर्गेश पटेल, अनिरुद्ध निर्मलकर, प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने हर्ष जताया है। टीम के साथ कोच के रूप में टीएन रेड्डी वरिष्ठ प्रशिक्षक खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर होंगे।

### ग्रामीण साहू समाज रत्नाबांधा ने किया आयोजन

# समर कैंप में निखरा सर्वसमाज के बच्चों का हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





ग्रामीण साहू समाज रत्नाबांधा द्वारा सर्व समाज के बच्चों के लिए आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला साहू संघ के अध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने अपने उद्बोधन में समर कैंप की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म अवकाश में बच्चों का चारित्रिक विकास, मानसिक विकास, बौद्धिक विकास, आध्यात्मिक विकास होता है। जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने समर कैंप के आयोजन पर खुशी जाहिर की। भविष्य में और वृहद रूप से संचालन करने का निवेदन किया। उन्होंने समर कैंप में भाग लेने वाले सभी 70 बच्चों को अपनी ओर से कापी एवं पेन वितरित किए।

विशिष्ट अतिथि जिला साहू संघ महासचिव यशवंत साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किये। विशिष्ट अतिथि खरतुली परिक्षेत्र के अध्यक्ष ललित चौधरी ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा की। समर कैंप के मास्टर ट्रेनर्स भारतलाल साहू, सेवकराम साहू, सुश्री गौरी सिन्हा, श्रीमती विजयलक्ष्मी गंजीर, श्रीमती खुशी साहू, कमलकुमार साहू, ग्रामीण अध्यक्ष गोपालराम साहू, उपाध्यक्ष सत्यनारायण साहू, पूर्व अध्यक्ष रामसेवक साहू, कार्यकारिणी सदस्य रामकृष्ण साहू, रामचंद्र साहू को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेवकराम साहू व आभार व्यक्त ग्रामीण अध्यक्ष गोपालराम साहू ने किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त,
04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज